मुझे रंग चढ़ा श्यामा | By Suren Namdev

मुझे रंग चढ़ा श्यामा अब तेरी यारी का
भक्ति में काम नहीं इस दुनिया दारी का
मुझे रंग चढ़ा श्यामा .....

बस ध्यान तुम्हारा है मेरा तू ही सहारा है
ना छोड़ के जाऊं कहीं खाटू धाम ये प्यारा है
बने तुम ही खिवैया हो इस नाव हमारी का
मुझे रंग चढ़ा श्यामा अब तेरी यारी का
मुझे रंग चढ़ा श्यामा .....

मेरे श्याम की छाँव में रहता हूँ मैं ताव में
बस प्रेम झलकता है मेरे हर भाव में
मैं लाख करूँ उपकार इस नज़र तुम्हारी का
मुझे रंग चढ़ा श्यामा अब तेरी यारी का
मुझे रंग चढ़ा श्यामा .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%9a%e0%a4%a2%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae%e0%a4%be-by-suren-namdev/